प्रेस नोट

महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की प्रभावी रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान "मिशन शक्ति" के सम्बन्ध में श्री के. सत्यनारायाणा पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा परिक्षेत्र के अधीनस्थ जनपदों में अभियान के 02 दिवस में कृत कार्यवाही की समीक्षा की गयी।

शासन द्वारा दिनांक 17.10.2020 से 25.10.2020 तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 17.10.2020 को जनपद बांदा में 156 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 254 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 12 व्यक्तियों के शपथ पत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया। जनपद हमीरपुर में 52 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 220 व्यक्तियों को चेक किया गया जिसमें से 08 व्यक्तियों का स्वयं का एवं 04 के अभिभावकों का शपथ पत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया। जनपद महोबा में 20 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 39 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 05 व्यक्तियों का शपथपत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया इसी प्रकार जनपद चित्रकूट में 26 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 64 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 06 व्यक्तियों के शपथपत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया।

इसी प्रकार दिनांक 18.10.2020 को जनपद बांदा में 52 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 144 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 09 व्यक्तियों के शपथ पत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया। जनपद हमीरपुर में 82 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 346 व्यक्तियों को चेक किया गया जिसमें से 11 व्यक्तियों का स्वयं का एवं 02 के अभिभावकों का शपथ पत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया। जनपद महोबा में 30 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 70 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 03 व्यक्तियों का शपथपत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया एवं 01 प्रकरण में 107/116 जा0फौ0 के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी तथा जनपद चित्रकूट में 27 स्थानों पर चेकिंग करते हुये 35 व्यक्तियों को चेक किया गया एवं 06 व्यक्तियों के शपथपत्र भरवाकर हिदायत देकर छोड़ा गया।

जनपदों में गठित एण्टी रोमियो स्क्वॉड के गठन का उद्देश्य सभी सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहों, बाजारों, माल्स, पार्क, स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान व अन्य सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं छात्राओं के साथ राह चलते छेड़खानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन एवं महिलाओं एवं छात्राओं पर की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों इत्यादि की घटनाओं को रोकने एवं तद्नुरूप प्रदेश की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के साथ साथ जनमानस में पुलिस की सकारात्मक छवि एवं सुरक्षा की भावना जागृत करना है।

इस स्क्वॉड को आप अपने जनपदों में महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील/अभद्र टिप्पणियां करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही करने का दायित्व सौंपा गया है। एण्टी रोमियों स्क्वॉड द्वारा इस दिशा में उल्लेखनीय रूप से अत्यधिक प्रभावी कार्यवाही की गयी है।

जनपदीय पुलिस अधीक्षकों को उक्त अभियान के दौरान और अधिक कार्यवाही करने हेतु श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा निर्देश निर्गत किये गये हैं।

सोशल मीडिया सेल
चित्रकूटधाम परिक्षेत्र,बाँदा।